**प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 84 / 2025)**
तत्काल जारी करने के लिए

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा)**

# भादूविप्रा ने इन-बिल्डिंग नेटवर्क गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए पहली आठ डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसियों को पंजीकृत किया

नई दिल्ली, अगस्त 29, 2025 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने '*डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024*' के तहत डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के रूप में आठ आवेदकों को पंजीकरण प्रदान किया। निम्नलिखित आठ डीसीआरए विनियम के प्रावधानों के तहत डिजिटल कनेक्टिविटी का आकलन और मूल्यांकन करने के लिए अधिकृत किए गए हैं: -

1. मेसर्स आर्डोम टावरजेन प्राइवेट लिमिटेड
2. मैसर्स क्रेस्ट डिजिटेल प्राइवेट लिमिटेड
3. मेसर्स सीटीएल इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड
4. मैसर्स एस्टेक्स टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड
5. मेसर्स फ्रॉग सेलसैट लिमिटेड
6. मैसर्स फाईस्ट्रीम कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
7. मेसर्स शौर्य टेलीसर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
8. मेसर्स टीयूवी एसयूडी साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड

यह पंजीकरण, पंजीकरण की तिथि अर्थात 27 अगस्त 2025 से पाँच वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया गया है, बशर्ते डीसीआरए पंजीकरण और विनियमों की शर्तों और नियमों का पालन करेंगे। डीसीआरए, डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग हेतु दिनांक 13 अगस्त 2025 को जारी किए गए **मैनुअल** में निर्दिष्ट पद्धति के अनुसार डिजिटल कनेक्टिविटी का मूल्यांकन करेंगे।

इन आकलनों के आधार पर डीसीआरए, संपत्तियों को उनकी डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए **'स्टार रेटिंग'** प्रदान करेंगे। ये रेटिंग संभावित खरीदारों, किरायेदारों और व्यवसायों को वास्तविक कनेक्टिविटी प्रदर्शन के आधार पर सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।

रेटिंग फ्रेमवर्क के बारे में अधिक जानकारी https://trai.gov.in/dcra-portal पर उपलब्ध है।

अतिरिक्त प्रश्नों के लिए, कृपया संपर्क करें: -
**श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यूओएस-1)**
**ई-मेल: adv-qos1@trai.gov.in | दूरभाष: +91-11-20907759**

अतुल चौधरी
29/8/25
**(अतुल कुमार चौधरी)**
**सचिव, भादूविप्रा**